वेबसाइट: www.cbse.nic.in दूरभाष: 011-23220155

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
'शिक्षा सदन', 17-राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली-110002

**विषय: राष्ट्रीय शिक्षा दिवस समारोह, 2011**
**आओ मिलकर मनाएँ !!!!**

**शैक्षणिक/ शि. अ. (वा)/ रा. शि. दि./ 2011** **27.07.2011**
**परिपत्र संख्या: 54/ 11**

प्रिय प्रधानाचार्य,

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस प्रति वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है। प्रस्ताव संख्या 17-35/2004-PNI दिनॉक 11 सितंबर 2008 के द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने 11 नंवबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस घोषित किया है। प्रख्यात शिक्षाविद, महान स्वतंत्रता सेनानी तथा भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के रूप में प्रतिवर्ष 11 नवंबर को शिक्षा दिवस मनाने का निर्णय किया गया है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि इस दिन को 'बाल केंद्रित शिक्षा' विषयवस्तु पर आधारित निम्न कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा मनाया जाए:

1. **शिक्षकों के लिए शिक्षा पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**(क) उद्देश्य:** इस प्रश्नोत्तरी के आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों में शिक्षा संबंधी प्रमुख दर्शनों और विचार धाराओं के विषय में जागरूकता पैदा करना है। यही नहीं, उन्हें भारतीय स्कूली शिक्षा पद्धति को प्रभावित करने वाले प्रमुख विचार बिंदुओं से भी अवगत कराना है।

**(ख) प्रश्नोत्तरी में निम्नलिखित विषय होंगें:**

- बीसवीं शती और उसके बाद भारत और शेष संसार में शिक्षा की विचारधाराएँ
- भारत में विद्यालयी शिक्षा के प्रमुख मुद्दे:
  (बाल केंद्रित शिक्षा के विशिष्ट सदंर्भ सहित)
  - भारत के संविधान में शिक्षा के विषय में अधिनियम

- बाल - अधिकार
- नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिए बालकों के अधिकार का अधिनियम या शिक्षा के अधिकार का अधिनियम, (RTE), 2009)
- बालिकाओं की शिक्षा
- समावेशी शिक्षा
- विद्यालय-स्वास्थ्य
- विद्यालय-सुरक्षा: आपदाओं के दौरान विद्यालय की भूमिका
- किशोर शिक्षा
- शिक्षा आयोग रिपोर्ट 1964-66
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 (संशोधित 1992)
- कार्य योजना 1992
- आचार्य राममूर्ति समिति रिपोर्ट (1990)
- राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, (NCF), 2005
- सर्व शिक्षा अभियान (SSA)
- राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA)
- व्यावसायिक शिक्षा
- सतत एवं व्यापक मूल्यांकन
- शिक्षा के राष्ट्रीय संस्थान

**(ग) पात्रता**

- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT)के पद पर कार्यरत शिक्षक इस प्रश्नोत्तरी में भाग ले सकते हैं।
- प्रत्येक स्कूल से दो शिक्षकों की एक टीम भाग ले सकेगी।

**(घ) कार्यविधि**

- विद्यालयों को सभी कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 16 अगस्त, 2011 है। यह तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।
- 100 बहुविकल्पी प्रश्नों वाली प्रारंभिक लिखित प्रश्नोत्तरी 17 सितंबर, 2011 को आयोजित की जाएगी। इन प्रश्नों के उत्तरों की जॉंच आप्टिकल मार्क रीडर (OMR) शीट पर की जाएगी।
- प्रारंभिक लिखित प्रश्नोत्तरी का आयोजन पूरे देश में और विदेशों के केन्द्रों पर किया जाएगा।
- प्रत्येक क्षेत्र से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली दो टीमों को सेमीफाइनलों और फाइनलों के लिए नई दिल्ली में बुलाया जाएगा।
- सेमी-फाइनल और फाइनल की प्रश्नोत्तरी के विभिन्न चरणों में विशेषज्ञों द्वारा सीधे प्रश्न पूछे जाएँगें। (प्रश्न-उत्तर तथा मल्टी मीडिया प्रश्नोत्तरी, आदि।) पुरस्कार का आयोजन संभवत: 11 नवंबर 2011 को किया जाएगा।

- राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी के लिए आमंत्रित प्रत्येक प्रतिभागी को बोर्ड के नियमानुसार यात्रा भत्ता/ दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

2. <u>पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताः</u>
<u>(केवल विद्यार्थियों के लिए)</u>

**(क) पात्रताः**

- इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों के तीन वर्ग होंगे:
  - वर्ग (i) कक्षा I, II, III, IV
  - वर्ग (ii) कक्षा V, VI, VII
  - वर्ग (iii) कक्षा VIII, IX, X
- इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से, ऊपर दिए गए वर्गों में से प्रत्येक कक्षा का केवल एक ही छात्र भाग ले सकेगा। इस प्रकार एक विद्यालय से 'क' वर्ग के लिए 4, 'ख' वर्ग के लिए 3 तथा 'ग' वर्ग के लिए अधिक से अधिक 3 प्रविष्टियाँ ही स्वीकार की जाएँगी।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालय प्रवेश-प्रपत्रों को सी.बी.एस.ई. की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर आनलाइन प्रस्तुत करेंगे।

**(ख) पोस्टर बनाने के लिए विषयः**

(i) कक्षाः I, II, III तथा IV

- मेरा प्रिय विद्यालय
- मेरा मित्र
- मेरे सपनों का खेल का मैदान

(ii) कक्षाः V, VI तथा VII

- विद्यालय जाना मेरा अधिकार है।
- प्रकृति मेरी शिक्षक

(iii) कक्षाः VIII, IX तथा X

- विभिन्नताओं के साथ जीना
- महान शिक्षाविद के जीवन और उपदेशों से सीखना
  - मौलाना अबुल कलाम आजाद
  - डा. जाकिर हुसैन
  - डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**(ग) नियमः**

- पोस्टर सृजनात्मक तथा विषयवस्तु पर आधारित होने चाहिए।

- प्रत्येक पोस्टर में कोई उपयुक्त और आकर्षक नारा होना चाहिए। बिना नारों के पोस्टर स्वीकार नहीं किए जाएँगें।
- नारे हिन्दी/ अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं।
- पोस्टर ए-3 आकार के किसी भी रंग के चार्ट पेपर पर बनाए जा सकते हैं।
- पोस्टर बनाने में विद्यार्थी क्रेयॉन, रंगीन पेन्सिलों, स्कैच पैनों, चिपकाने के लिए चित्रों आदि किसी भी सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।
- कम्प्यूटर से ऑनलाइन निकाले गए प्रपत्र पूरी तरह से भरे होने चाहिए। ऐसे प्रपत्र की प्रति पोस्टर की पृष्ठ पर चिपकाना आवश्यक है। प्रविष्टि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संबंधित प्रादेशिक कार्यालय में 1 सितंबर 2011 तक जमा कर दी जानी चाहिए। पंजीकरण और प्रविष्टियों के जमा करवाने की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालयों के निरीक्षण में स्थापित केन्द्रों में पोस्टरों की प्रारंभिक जॉच-परख निर्णायकों की टीम के द्वारा की जाएगी।
- चुने हुए सर्वोत्तम 30 (प्रत्येक वर्ग से दस) पोस्टर अंतिम चयन के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय को भेजे जाएँगें।
- यह अच्छी तरह से जान लीजिए कि जमा किए गए पोस्टर वापस नहीं किए जाएँगें तथा बोर्ड से इस संदर्भ में कोई पूछताछ भी नहीं की जा सकेगी।

3. **सन्देश:**

(i) **अपने शिक्षक के लिए सन्देश** (केवल कक्षा VI, VII, और VIII के विद्यार्थियों के लिए)

(ii) **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लिए सन्देश** (केवल कक्षा IX और X के विद्यार्थियों के लिए)
(प्रत्येक विद्यालय से अधिक से अधिक 5 प्रविष्टियाँ।)

**(क) नियम**

- प्रविष्टियों की संख्या: एक विद्यालय की प्रत्येक कक्षा से एक। इस प्रकार एक विद्यालय से अधिकतम 5 प्रविष्टियाँ हो सकती हैं।
- सन्देश विषयवस्तु से संबंधित होना चाहिए: बाल केन्द्रित शिक्षा।
- विद्यालय आनलाइन पंजीकरण करवाएँगें तथा चुने हुए सन्देश जमा करेंगे।
- सन्देश में 50 से अधिक शब्द नहीं होने चाहिए।
- पंजीकरण और सन्देशों को जमा करवाने की अन्तिम तिथि 1 सितंबर, 2011 है।

4. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सी. सी. ई.) पर विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया:**

(स्पर्धारहित केवल आंतरिक उपयोग के लिए)

केवल कक्षा IX, X और XI के विद्यार्थियों के लिए। प्रतिक्रिया प्रश्नावली केवल ऑनलाइन ही भेजी जानी चाहिए।

**(i) क्या आपका मूल्यांकन करने के लिए सी. सी. ई. एक अच्छा तरीका है?**

**(क) हाँ** ☐

**(ख) नहीं** ☐

**कारण**

**(ii) आपके द्वारा अर्जित अंक कितनी अच्छी तरह से आपकी वास्तविक क्षमताओं को उजागर करते हैं?**

(क) बहुत अच्छी तरह से ☐
(ख) थोड़ा बहुत ☐
(ग) बिल्कुल नहीं ☐

**(iii) क्या सी सी ई ने आप के आत्म विश्वास में वृद्धि की हैं ?**

(क) हाँ ☐
(ख) नहीं ☐

**कारण**

**(iv) क्या अब सी सी ई के बाद आपका तनाव कम हुआ है ?**

(क) हाँ ☐
(ख) नहीं ☐

**(v) क्या सी सी ई ने आपको और अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया है ?**

(क) हाँ ☐
(ख) नहीं ☐

**कारण**

आनलाइन पंजीकरण और प्रति क्रियाएँ भेजने की अंतिम तिथि 1 सिंतम्बर 2011 है ।

<u>**पुरस्कार**</u>

**1. शिक्षा पर शिक्षकों की प्रश्नोत्तरी:**

**राष्ट्रीय**

- विजयी टीमों के लिए नकद पुरस्कार

प्रथम ₹ 20,000
द्वितीय ₹ 14,000
तृतीय ₹ 10,000
चतुर्थ ₹ 8000

राष्ट्रीय स्तर पर सेमी फाइनल और फाइनल में पहुँचने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति -चिन्ह ।

**2. पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता:**

राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओ के लिए नकद पुरस्कार [प्रत्येक वर्ग में उदाहरणतः कक्षा)(I से IV), (V से VII) और (VIII से X) ]

<u>राष्ट्रीय</u>

प्रथम ₹ 10,000
द्वितीय ₹ 8000
तृतीय ₹ 5000
चतुर्थ ₹ 3000

**3. सांत्वना पुरस्कार:**

अगली पाँच सर्वोत्तम प्रतिष्ट्यिों के लिए ₹ 2000 का नकद पुरस्कार । प्रादेशिक स्तर के विजेताओं के लिए आनलाइन प्रमाण पत्र ।

**4. सर्वोत्तम संदेश:**

प्रत्येक प्रदेश से दो सर्वोत्तम प्रविष्टियों के लिए ₹ 1000 का नकद पुरस्कार ।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस समारोह में भाग लेने के इच्छुक विद्यालयों के लिए आनलाइन पंजीकरण का तरीका : अपना यूजर आई-डी (मान्यता संख्या) और पासवर्ड एण्टर कीजिए । (पासवर्ड वही होना चाहिए जिसका उपयोग आपने कक्षा IX, X, XI और XII के आन लाइन पंजीकरण के लिए किया है ।) लागइन के बाद, आनलाइन से प्राप्त पंजीकरण प्रपत्र में आवश्यक सूचनाएँ लिख दीजिए । फिर सबमिट बटन पर क्लिक करके प्रपत्र को सबमिट कर दीजिए । प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या का नाम उनके मोबाइल नंबर से संबधित जानकारी संबधित विद्यालय द्वारा प्रपत्र सबमिट करने से पूर्व सम्पादित कर देनी चाहिए । इसके बाद ब्यौरों में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

**भवदीया**
**(सुगंध शर्मा)**
**शिक्षाधिकारी (वाणिज्य)**

निम्नलिखित के लिए यहाँ क्लिक करें :

<u>1. पंजीकरण के लिए निर्देश ।</u>

2. मौलाना अबुल कलाम आजाद का संक्षिप्त जीवन वृत्त ।

3. 11 नवंबर को शिक्षा दिवस समारोह का शुभारंभ ।

4. आनलाइन पंजीकरण ।

5. शिक्षक और सीबीएसई को संदेश ।

6. सीसीई पर विद्यार्थियों की प्रतिकिया ।

**निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित अध्यक्षों को अपने अपने अधिकार क्षेत्र के विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के निवेदन के साथ प्रतिलिपि प्रेषित :**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टिटयूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली - 110016
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, ए-28, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुराना सचिवालय,दिल्ली-110054 ।
4. निदेशक, पब्लिक इन्स्ट्रकशन्स् (विद्यालय) केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़-160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक सिक्किम-737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8. शिक्षा निदेशक, राज्य शिक्षा संस्थान, सीबीएसई सेल, वी आई पी रोड, जंगली घाट, डाकघर , 744103 अंडमान निकोबार द्वीप समूह ।
9. सचिव, केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, एसएस प्लाजा कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-3, रोहिणी दिल्ली-110085
10. सीबीएसई के सभी क्षेत्र अधिकारियों को इस निवेदन के साथ कि वे इस परिपत्र को अपने क्षेत्र के बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्याालयों के प्रमुखों को अग्रसारित करेंगे ।
11. शिक्षाधिकारी / सहायक शिक्षाधिकारी, शैक्षणिक शाखा, सीबीएसई ।
12. संयुक्त सचिव (आई टी) इस निवेदन के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई की वेबसाइट पर डाल दें।
13. पुस्तकालय और सूचनाधिकारी, सीबीएसई ।
14. संयुक्त सचिव (एकेडेमिक )
15. कार्यकारी अधिकारी।
16. सीबीएसई के सचिव के निजी सहायक/डीओ
17. सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक के निजी सचिव
18. निदेशक (एकेडेमिक) के निजी सचिव
19. अखिल भारतीय अभियंता प्रवेश परीक्षा के अध्यक्ष के निजी सचिव
20. (एडूसेट) के अध्यक्ष के निजी सचिव
21. सीबीएसई के जन संपर्क अधिकारी

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

1. <u>सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के लिए आनलाइन पंजीकरण</u> :

**<u>इसके लिए विद्यालय को मान्यता सं0 और पासवर्ड का उपयोग करते हुए लागइन करना होगा</u>**

**<u>संबद्धत्ता सं.</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्कूल का नाम | | स्कूल का कोड | |
| प्रधानाचार्य का नाम | | क्षेत्रीय कार्यालय | |
| संपर्क नंबर | | मोबाइल नं. | |
| स्कूल का पता | | ई मेल आई डी | |

कार्यक्रम 1. शिक्षकों के लिए शिक्षा पर आधारित प्रश्नोत्तरी
नगर का चुनाव लिखित प्रश्नोत्तरी के लिए 39 केन्द्र
कार्यक्रम 2. पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता

- **वर्ग** 1. कक्षा 1, कक्षा II, कक्षा III, कक्षा IV,
- **वर्ग** 2. कक्षा V, कक्षा VI, कक्षा VII
- **वर्ग** 3. कक्षा VIII, कक्षा IX, कक्षा X

कार्यक्रम 3. अपने शिक्षक और सीबीएसई के लिए संदेश

कार्यक्रम 4. सीसीई पर विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया

पोस्टर प्रतियोगिता के वर्ग के लिए प्रिंटआउट के पृष्ठ पर आपने वर्ग के सामने विद्यार्थी का नाम और लिंग लिखना है सबमिशन के बाद पृष्ठ का प्रिंट आउट निकाल लीजिए और इस पर निम्न सूचनाएं भर दीजिए ।

| विषय | विद्यार्थी का नाम | लिंग | विषय |
|---|---|---|---|

वर्ग (i) कक्षा I से IV ____________________

वर्ग (ii) कक्षा V से VII ________________________________________

वर्ग (iii) कक्षा VIII से X ______________________________________

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 16 अगस्त 2011 है । सीबीएसई द्वारा अन्तिम तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी ।

ऑनलाइन पर प्राप्त प्रपत्र के प्रिंट आउट पोस्टर के पृष्ठ पर चिपकाए जाने चाहिए तथा अपने अपने सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय को 1 सितम्बर 2011 तक भेज दें ।

**2. संदेश**

स्कूल कोड ☐

स्कूल का नाम ☐

लिंग ☐ बालक ☐ बालिका

कक्षा ☐

विद्यार्थी का नाम ☐

कक्षा VI, VII और VIII के विद्यार्थी अपने शिक्षक के लिए तथा कक्षा IX और X के विद्यार्थी सीबीएसई के लिए संदेश लिखेंगें । एक स्कूल से एक ही प्रविष्टि की अनुमति है । सबमिशन के पश्चात अगले चरणों के लिए प्रिंटआउट निकाल लें ।

संदेश के पंजीकरण और सबमिशन की अंतिम तिथि 1 सितंम्बर, 2011 है ।

**3. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएँ । (प्रतियोगी) (सीबीएसई के अपने उपयोग के लिए)**

स्कूल कोड ☐

स्कूल का नाम ☐

कक्षा ☐

विद्यार्थी का नाम ☐

1. क्या आपका मूल्यांकन करने के लिए सीसीई एक अच्छा तरीका है ?

☐ हाँ ☐ नहीं

2. क्या सीसीई ने आपको और अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया है ?

☐ हाँ ☐ नहीं

कारण ☐

3. क्या सीसीई ने आपके आत्मविश्वास में वृद्धि की है ?

☐ हाँ ☐ नहीं

कारण ☐

4. क्या अब सीसीई के बाद आपका तनाव कम हुआ है ?

☐ हाँ ☐ नहीं

कारण ☐

5. आपके द्वारा अर्जित अंक कितनी अच्छी तरह से आपकी वास्तविक क्षमताओं को उजागर करते हैं ?

☐ बहुत अच्छी तरह से ☐ थोड़ा बहुत ☐ बिल्कुल नहीं

कारण ☐

कक्षा IX, X और XI विद्यार्थी अपनी प्रतिक्रिया दे सकते है । सबमिशन के पश्चात अगले चरणों के लिए प्रिंट आउट निकाल लें । आनलाइन पंजीकरण और विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के सबमिशन की अंतिम तिथि 1 सिंतम्बर 2011 है । तिथियाँ और आगे नहीं बढ़ायी जाएँगी ।